भरतपुर में 500 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता यूवा मोर्चा की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर पर सदस्यता अभियान जिला संयोजक युवा मोर्चा जगत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एवं जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संभाग प्रभारी नटवर सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में रज्जन सिंह, गौरव सरपंच, कुशलपाल सिंह राजावत, दिनेश भातरा रहें। जिसमें मनोज भारद्वाज ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक पार्टी नहीं वह एक विचार धारा है जो भी व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी के पंच सिद्धांतों से सहमत है। वह सदस्यता ग्रहण कर सकता है। वर्तमान में पूरे राष्ट्र में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कोई व्यक्ति विचार धारा से सहमत होकर टोल फ्री नं. मिस्कॉल देकर एवं ओटीपी के सत्यापन एवं जानकारी के बाद सदस्यता ग्रहण कर सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर करीब 10 करोड़ सदस्यों का लक्ष्य रखा गया है। जिसको निश्चित ही हम कार्यकर्ता आपस में मिलकर प्राप्त कर लेंगे। सदस्यता अभियान के साथ ही उनके द्वारा संवोधित करते हुए युवा मोर्चा को 50000 हजार युवाओं के जोड़ने का लक्ष्य दिया। इस मौके पर सदस्यता अभियान जिला संयोजक युवा मोर्चा जगत सिंह गुर्जर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में जिस तरह से सम्पूर्ण राजस्थान में अनेको परियोजनाओं के माध्यम से विकास के नये आयाम स्थापित किये जा रहे है। इसके अतिरिक्त युवाओ के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पेपर लीक के मामले में कड़ी से कड़ी मिलाकर बड़ी मछलियों का पर्दाफाश किया जा रहा है। युवाओं को अब अपना भविष्य उज्जवल दिखायी दे रहा है। प्रदेश की सरकार संवेधनशील सरकार के रुप में जनता के दिलों में बैठ रही है। जिस तरह से मुख्यमंत्री रात्रिकालिन दौरे कर प्रत्येक सूक्ष्म स्तर की मौनिटरिंग कर रहे है। वह राजस्थान की प्रशासनिक कार्य कुशलता को सुधारने का एक अग्रणीय प्रयास है।

इस अवसर पर लगभग 500 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की तथा अन्तराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त कुश्ती कोच गौतम सिंह ने भाजपा की सदस्ता ग्रहण की। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजक आकाश हथैनी ने किया व धन्यवाद दीपू पण्डित ने ज्ञापित किया। इस मौके पर योगा सहनावली, संदीप गुर्जर, लाखन गुर्जर कनवाड़ा, तनुज तिवारी, कुलदीप सोलंकी, वीरेन्द्र वैरखो, पवन विदुड़ी, नरेश गोलपुरा, राम पहलवान, लाखन वख्सी, रविन्द्र वैसला, गौरव सोनी, बलराम चौधरी, रन्नो पहलवान, बलराम चौधरी आदि सैकड़ो में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

भारतीय जनता यूवा मोर्चा की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर परा सम्पन्न हुई।

■ **भारतीय जनता यूवा मोर्चा की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर पर सदस्यता अभियान जिला संयोजक युवा मोर्चा जगत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एवं जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संभाग प्रभारी नटवर सिंह व विषिश्ट अतिथि के रुप में रज्जन सिंह, दिनेश भातरा आदि मौजूद रहें।**

ऋण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

करौली (नि.स.)। जिला अल्प-संख्यक कल्याण अधिकारी अकबर खान ने बताया कि राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, जैन, सिख, ईसाई, पारसी एवं बौद्ध को व्यवसायिक एवं शिक्षा ऋण उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अल्पसंख्यक समुदाय को व्यवसायिक ऋण हेतु कौशल प्रशिक्षण, आईटीआई, शिल्पकार, हथकरघा वाले अनुभवी आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। ऋण आवेदन हेतु अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, समस्त स्त्रोत से परिवार की वार्षिक आय का प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, कार्य स्थल संबंधित प्रमाण पत्र, लाईसेन्स, फोटो, जनआधार कार्ड, बैंक विवरण, आवेदक का जीवन बीमा ऋण राशि के अनुसार गारण्टर संबंधि दस्तावेज और प्रोजेक्ट रिपोर्ट आवश्यक है। साथ ही शिक्षा ऋण हेतु समस्त शैक्षिणक प्रमाण पत्र, वर्तमान अध्ययनरत प्रमाण पत्र, संबंधित विश्वविद्यालय का पंजीयन, जमा करायी गयी फीस की रसीदें आदि निम्न दस्तावेज संलग्न किये जाने आवश्यक है। दस्तावेज आदि आवेदन पत्र में अंकित प्रारूप अनुसार स्वयं प्रमाणित दस्तावेज सलंग्न कर निर्धारित तिथि 30 सितंबर में समस्त दस्तावेज पूर्ण कर आवेदन कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, करौली में जमा करावे।

सार-समाचार

बैंक भवन पर धरना प्रदर्शन किया

कार्यरत व्यवस्थापकों ने अपनी मांगों को लेकर दी भरतपुर सैन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक भवन पर धरना प्रदर्शन किया ।

भरतपुर। भरतपुर में मंगलवार को ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत व्यवस्थापकों ने अपनी मांगों को लेकर सहकार भवन एवं दी भरतपुर सैन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक भवन पर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर राजस्थान सहकारी कर्मचारी संघ के भरतपुर जिला अध्यक्ष टीकेन्द्र कटारा ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर 22 जुलाई से कार्य बहिष्कार चल रहा है। लेकिन उनकी मांगों को माना नहीं जा रहा है। जिससे कार्यरत व्यवस्थापकों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत व्यवस्थपकों का नियोक्ता निर्धारण करते हुए जिला कैडर, बैंक कर्मचारी या राज्य कर्मचारी बनाया जाए। ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत व्यवस्थापकों के सेवा नियम कार्मिक विभाग बनाए जाए। ग्राम सेवा सहकारी समिति कर्मचारियों में से पदोन्नित कर ऋण पर्यवेक्षक के पदों पर नियुक्ति दी जाए। उन्होंने बताया कि ग्राम सहकारी समितियों के सदस्य किसानों को जो राज्य सरकार द्वारा चार प्रतिशत ब्याज दिया जाता है। एक अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2020 एवं एक सितम्बर 2022 से 30 जून 2024 का भुगतान अतिशीघ्र समितियों को किया जाए। उन्होंने बताया कि इन मांगों को लेकर समिति कर्मचारी कई वर्षों से मांग कर रहे है। लेकिन भी किसी भी सरकार द्वारा समिति के कर्मचारियों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन मांगों को लेकर 22 जुलाई से केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की एवं बैंक की समस्त योजनाओं का पूर्ण बहिष्कार चल रहा है। लेकिन मांगों पर अभी तक सुनवाई नहीं हो रही है।

अस्पताल पहुंचकर किया रक्तदान

हिंडौन सिटी । सोमवार की रात जीवन ज्योति फाऊंडेशन टीम जयपुर के सदस्य अर्जुन रैगर ने रात 12 बजे अस्पताल पहुंचकर 21 वर्षीय कैंसर पीड़िता के लिए रक्तदान कर उसकी जान बचाई ।जीवन ज्योति फाऊंडेशन टीम जयपुर के संरक्षक विकास तिवाडी ने बताया की करीब रात 8 बजे जैसे ही उन्हें सूचना मिली की हिंडौन के बरगमा गांव की बेटी एवम काचरोली की बहू 21 वर्षीय तनु कुमारी जाट जो की करीब पिछले 10 दिन से एमएमएस अस्पताल में रक्त कैंसर के कारण ज़िंदगी और मौत से जुझ रही है । उसे एक यूनिट ओ पॉजिटिव प्लेटलेट्स की आवश्यकता है सूचना मिलते ही जयपुर टीम संचालक दीपेश लहकोडिया टीम के ओ पॉजिटिव डोनर अर्जुन रैगर को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां करीब 12 बजे रैगर ने एक यूनिट प्लेटलेट्स डोनेट कर कैंसर पीड़िता के लिए सञ्जीवनी का कार्य किया । संचालक दीपेश लहकोडिया ने बताया की जीवन ज्योति फाऊंडेशन टीम जयपुर अब तक 11 रक्तदान शिविर, सैंकडों लाइव डोनेशन सहित करीब दो हजार यूनिट से अधिक निशूल्क रक्त उपलब्ध करवा चुकी है।

अनिश्चितकालीन धरना जारी

करौली (नि.स.)। करौली जिले के सरपंच संघ के तत्वाधान में सरपंचों ने अपनी मांगों को लेकर जिला परिषद कार्यालय परिसर में गत दिन सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जो मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सरपंचों ने अपनी मांग का जिला कलेक्टर और जिला परिषद के सीईओ को ज्ञापन भी सौंप कर मांगों को पूरा करने की मांग रखी है लेकिन उनकी मांगों पर अभी तक कोई विचार नहीं होने से अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा सपोटरा सरपंच संघ अध्यक्ष और जिला सरपंच संघ अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि पिछले 2 साल से लगातार सरकार और यहां के प्रशासन से मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन आज तक मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया है खास तौर से उन्होंने मनरेगा के पिछले दो वर्षों से कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं होने और अन्य योजनाओं में जो राशि स्वीकृत हुई और उस राशि का कार्य कराया गया उन राशि का आज तक समायोजन नहीं किया गया है अंत में उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख रूप से दो ही मांग है जिनको लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं।

शिक्षक संघ सियाराम ने सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जिला गंगापुर सिटी के का. जिला अध्यक्ष सोहनलाल गुप्ता के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सवाई माधोपुर को न्यू नामांकन के संबंध में ज्ञापन मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी के द्वारा दिया गया। प्रदेश मंत्री सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष प्रवेश की न्यूनतम आयु 6 वर्ष करने का मुख्य कारण विद्यालयों में कम नामांकन का रहा है और पीईईओ क्षेत्र में प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में ऋमोन्नत होने, उच्च प्राथमिक विद्यालय से उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत होने और महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय खोले जाने के कारण विद्यालयों में नामांकन गत वर्ष की अपेक्षा कुछ न्यून रहा है। विधालय के अध्यापक एवं पीईईओ द्वारा गांव में ड्रॉप आउट एवं 6 वर्ष के सभी बच्चों का प्रवेश करवाया जा चुका है।

स्टोन क्रशर को बंद करने की मांग

करौली (नि.स.)। गुनेसरा पंचायत समिति के अटा गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर ग्राम गोपालपुरसाय मे संचालित स्टोन क्रशर को बंद करने की मांग की है। राजीविका विकास ग्राम संगठन के विवेक सिंह, रमे'ा,मुकेश,बजरंग, रामदयाल सैनी, भगवान सिंह, लक्ष्मी, रामधन माली सहित कई लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि ग्राम पंचायत मुनेसरा में गांव कि सीमा के पास ही ग्राम गोपालपुरसाय मे गोवर्धन स्टोन क्रेशर संचालित है जिसमें प्रतिदिन खनन हो रहा है ब्लास्टिंग होने के कारण मकान एवं सरकारी स्कूल,आंगनबाडड़ केंद्रो के भवनों में दरारें आ रही है । गांव में कई मकान गिरने की स्थिति में है जिससे बच्चों एवं बुजुर्गों की जान को खतरा बना हुआ है प्रतिदिन खनन कार्य होने से हमारी जमीने बंजर होती जा रही है जिसमें कृषि पैदावार घट रही है इसके साथ ही पर्यावरण प्रदूषण को भी खतरा हो रहा है प्रतिदिन कई लोगों को टीवी, सिलिकोसिस एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां हो रही हैं इन गंभीर बीमारियों से पूर्व में कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि खनन क्षेत्र में लगभग 80-90 फीट गहरी खाई खोदी गई है जिसे भरा तक नहीं गया है जिसमें पशुओं एवं बच्चों के गिरने का खतरा बना रहता है उन्होंने बताया कि पूर्व में कई बार पशु गिरकर अपनी जान गवा चुके हैं यही नहीं स्टोन क्रेशर से उडने वाली धूल के कारण कई लोग सिलिकोसिस बीमारी की चपेट में आकर अपनी जान भी गवा चुके हैं। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि उक्त क्रेशर पर संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करें ।

तेरे बिगडे काम बना देगी करणपुर वाली मैया....

करौली (नि.स.)। गत रात्रि को करौली इन मैरिज गार्डन गुलाब बाग में मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया जिसमें हिंडौन भक्त मंडल के लोगों ने बडा प्यारा माता रानी का दरबार सजाया माता रानी के 56 भोग लगाए गए इसके बाद श्रीजी म्यूजिकल ग्रुप करौली के कलाकारों द्वारा भगवान गणेश जी की वंदना के साथ माता रानी के जागरण का शुभारंभ किया।

इस दौरान भरतपुर से आये भजन गायक कलाकार नंदा भाई ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इसके पश्चात उन्होंने काम कोई भी कर नहीं पाया घूम लिया संसार में तूने बदल दी है मेरी रेखा नसीब के हाथो रचना प्रस्तुत की। इसके बाद पूजा शर्मा आगरा से आई उन्होंने आजा मां एक बार मेरे घर आजा मां, बेटा बुलाए झट दौडड़े चली आए मां सुंदर-सुंदर लांगुरिया प्रस्तुत किये। उसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक अंकेश पाराशर ने ओ जंगल के राजा मेरी मैया को लेकर आजा आदि रचना मैया के दरबार में रखी माता मेरी बहना के शो पर लिख कल्याणी मस्तक पर लिख महारानी, मेरी मैया की चुनर उड-उड जाए, पवन धीरे-धीरे चलो, भक्तों पर आगे इतना उपकार करो मैया ये जागरण हमारा स्वीकार करो मैया और सुंदर-सुंदर लांगुरिया प्रस्तुत किये।

करौली में मां भगवती के जागरण में भजन गूंजे।

मां गुमानो के पदयात्री रवाना हुए

गंगापुर सिटी । मां गुमानो बिजासनी देवी सेवा समिति (करणपुर वाली) गंगापुर सिटी के तत्वाधान में 10 सितंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी मन्दिर से पूजा अर्चना के बाद गाजे-बाजे से गंगापुर सिटी से करणपुर के लिए पदयात्रा रवाना हुई।

पहले मां गुमानो बीजासणी देवी की प्रतिमा को फूलों से सजे धजे रथ में विराजित किया गया और गाजे-बाजे के साथ पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा में माता के भक्त भजनों पर नाचते-गाते हुए और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा संयोजक हरकेश पटवारी ने बताया कि पदयात्रा 1 बजे पुरानी अनाज मंडी से रवाना हुई जो कि मुख्य बाजार, फब्बारा चौक, उदेई मोड, सालोदा मोड, गंगाजी की कोठी, सलेमपुर होते हुए पदयात्री प्रथम रात्रि विशाम कुडगांव के विद्या मैरिज गार्डन में करेंगे। इस दौरान माता रानी के भक्त भजनो पर नाचते गाते चल रहे थे। माता के जयकारो से शहर का वातावरण धर्ममय हो गया। पदयात्रा बुधवार 11 सितंबर को सुबह माथुर वैश्य धर्मशाला कैलादेवी में पहुचगी व रात्रि विश्राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लकरूकी में रहेगा। 12 सितम्बर को पदयात्रा ठाकूर बाबा पहुंचेगी एवं रात्री विश्राम मां गुमानो यात्री निवास गंगापुर बालो की धर्मशाला करणपुर में होगा। इससे पहले थाना करणपुर से माता रानी के मंदिर तक डीजे, रथ आदि के साथ विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा जिसके बाद मां गुमाने बीजासणी यात्री निवास गंगापुर वालो की धर्मशाला में विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

रात्रि में विशाल जागरण होगा। समिति संरक्षक दिनेश धोलेटा, अध्यक्ष महेश शर्मा, मंत्री गोपाल लाल सोनी, संयोजक हरिकेश पटवारी, कोषाध्यक्ष श्याम रोधेई, दिनेश चूडी, ओमप्रकाश गुप्ता, सतीश जोशी, मुकेश लाइट, रमेश सेन, गोविंद मिल्की, संतोष शर्मा, डॉ मुकेश गुप्ता, भगवान सहाय, ओमप्रकाश एसबीआई, हरिचरण गुप्ता, ताराचंद गुप्ता, घनश्याम शर्मा, मुकेश भैरव, विष्णु करणपुर, ब्रह्मा सलेमपुर, धर्मेंद्र मुद्दल, पप्पू गुरु सहित काफी संख्या में माता रानी के भक्त मौजूद थे।

दो विमंदित बच्चों को छोडा

भरतपुर (निस) शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के सामने कोई व्यक्ति दो विमंदित बच्चों को छोडकर चला गया। बच्चे मिलने की सूचना पर चाइल्ड लाइन मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। जिसके बाद दोनों बच्चों को सारस चौराहे स्थित लक्की विमंदित गृह में आवासरत कराया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजाराम भुतौली ने बताया कि चाइल्ड लाइन को सर्किट हाउस के सामने दो विमंदित बच्चे मिले थे। जिसके बाद उन्हें लक्की विमंदित गृह में भिजवा दिया गया है। दोनों बच्चों को कोई छोडकर चला गया है। अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि दोनों बच्चों को कौन छोडकर गया था।

शूटिंग चैंपियन रुद्रांश खंडेलवाल सम्मानित

भरतपुर (निस)। वर्ल्ड शूटिंग चैंपियन रुद्रांश खंडेलवाल का पैरिस पैरालिंपिक से लौटने पर श्री गजानन सेवक ट्रस्ट की ओर से सम्मान किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता अशोक ताम्बी ने बताया कि पेरिस में आयोजित पैरालंपिक में हुई। पी-1 पुरुष 10 एवं 50 मीटर एयर पिस्टल की एसएच 1 कैटेगरी में शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारत से रुद्रांश खंडेलवाल ने प्रतिनिधित्व किया था। रुद्रांश ने अब तक पांच इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 13 मेडल, पैरा एशियन गेम्स में 2 सिल्वर, वर्ल्ड चौंपियन में 2 सिल्वर, वर्ल्ड कप में 5 गोल्ड, 3 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में करीब 100 से ज्यादा मैडल जीते हैं। पैराशूट कंपटीशन में रुद्रांश मात्र 17 साल की उम्र सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में भाग लिया था। ढोल नगाड़ों के बीच ट्रस्ट की ओर से साफा, पटका, माला एवं कोलाज भेंट कर रुद्रांश खण्डेलवाल का स्वागत किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज फौजदार, सचिव विपुल खंडेलवाल, प्रवक्ता अशोक ताम्बी, कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता एडवोकेट, सह सचिव सचिन खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अमित गोयल, राजेश राजू, अमित चौधरी, कुसुम देवी खंडेलवाल, आरती मदेरणा सहित काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

11 जुआरी गिरफ्त में, 1,10500 रुपये की राशि बरामद की

धौलपुर जिले के बाडी उपखंड की कोतवाली थाना पुलिस ने जुआ के अड्डे पर कार्रवाई की ।

बाडी। धौलपुर जिले के बाडी उपखंड की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शहर के कांसोटी खेड़ा रोड पर एक बाग में चल रहे जुआ के अड्डे पर कार्रवाई की है। पुलिस की तीन टीमों द्वारा की गई इस कार्रवाही में 11 जुआरी पुलिस के हाथ लगे हैं। साथ ही मौके से एक लाख दस हजार पांच सौ रुपये की राशि बरामद हुई है। ऐसे में गिरफ्त में आये सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

बाडी कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बाडी शहर के कायस्थ पाडा पुलिया से निकलने वाले कांसौटीखेडा रोड पर एक बाग में जुआ हो रहा है। कार्रवाई को लेकर पहले सादा वर्दी में पुलिस जवानों ने मौका निरीक्षण किया। जहां मामला सही पाए जाने पर पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। बाड़ी के एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ और सीओ नरेंद्र कुमार के सुपरविजन में थाने के एएसआई लालमन सिंह और एएसआई जितेंद्र सिंह के साथ हेड कांस्टेबल रामनरेश के नेतृत्व में पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। जिन्होंने तीन अलग-अलग सड़क मार्ग से मौके पर पहुंचकर दबिश दी। इस दौरान पुलिस की कार्यवाही को देख मौके पर हडकंप मच गया। हालांकि पुलिस की टीमों ने मौके से 11 जुआरियों को गिरफ्त में ले लिया, लेकिन कुछ लोग भागने में कामयाब हो गए। मौके से पुलिस ने जुआ उपकरण ताश के पत्तो सहित एक लाख दस हजार पांच सौ रुपये की राशि बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि कार्रवाई करते हुए रामवीर मीणा और हरेंद्र निवासी खानपुर मीना, राजवीर निवासी वेनपुरा, हरिपाल निवासी आमली पाडा, राजू , रामराज, शाकिर और रामवतार , मनीष कुमार और बृजराज पुत्र शंकर प्रजापति निवासी कांसोटी खेड़ा और गोपाल को गिरफ्तार किया है।

करौली टीम ने भरतपुर को 200 रनो से हराया

करौली (नि.स.)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जयपुर में खेली जा रही सीनियर कॉल्विन क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को करौली ने अपने दूसरे मैच में भरतपुर को 200 रन से हराया।

जिला किक्रेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए करौली ने निर्धारित 50 ओवर में 354 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें सर्वाधिक रन हरजीत सिंह 151 ,गाजी 100,अमित भारद्वाज 40 रन नाबाद,अतर सिंह 28 रन ,भूपेंद्र शर्मा15 रन नाबद,जय गोयल 22 रन का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इसके बाद स्कोर का पीछा करते हुए भरतपुर की पूरी टीम 151रन पर आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक 4 विकेट जय गोयल,अतर सिंह 2विकेट,कुलदीप सिंह 2 विकेट, भूपेंद्र शर्मा ने 1 विकेट लिया इस प्रकार करौली ने अपना दूसरा मैच 203 रन से जीत लिया। करौली की लगातार एक दूसरी जीत पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव शिवचरन माली,अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक,उपाध्यक्ष अनिल शर्मा,अरुण शर्मा,संजय पाल,अखिलेश चतुर्वेदी मैनेजर रवि पाठक,प्रवीण शुक्ला एवं प्रियाकांत बेनीवाल ने सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई दी है।जिला क्रिकेट संघ करौली के द्वारा चयनित टीम के खिलाड़ियों ने पहली बार कॉल्विन क्रिकेट प्रतियोगिता में दो खिलाडियों ने एक ही मैच में शतक लगाए यह अपने आप में करौली जिले के लिए बहुत ही खुशी की बात है।करौली जिले के समस्त खिलाड़ियों द्वारा इन दोनों खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई व्यक्त की है।

मानदेय दिलाने की मांग

करौली (नि.स.)। नगर पालिका के फायर मैनो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर 10 माह का बकाया मानदेय दिलाने की मांग की। नगर पालिका मंडल सपोटरा के अग्निशमन केंद्र पर फायरमैन एवं ड्राइवर जब्बार खान, जयप्रकाश बैरवा,जितेंद्र कुमार मीणा,राहुल बैरवा, द्वारका प्रसाद बैरवा, अंकुर मीना, बबलू मीणा, राजेश मीणा, दीपेश कुमार बैरवा, सिद्धार्थ बैरवा, शैलेंद्र कुमार बैरवा आदि ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि हम सभी नगर पालिका मंडल सपोटरा में अग्नि शमन सेवा केंद्र पर फायरमैन एवं ड्राइवर के रूप में कार्यरत है हमारा विगत महा अक्टूबर 2023 से मानदेय नहीं दिया गया है जिसके बारे में कई बार अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत भी कराया जा चुका है लेकिन 11 माह 9 दिन व्यतीत हो जाने के उपरांत भी हमें हमारा मानदेय नहीं दिया गया है उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सभी फायरमैन एवं ड्राइवरो का बकाया मानदेय दिलवाने कि मांग कि है।

शिविर में छात्राओं का किया हीमोग्लोबिन जांच

गंगापुर सिटी मे हिमोज्लोविन की जांच करते चिकित्साकर्मी।

गंगापुर सिटी । भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ का सांस्कृतिक सप्ताह के तहत तृतीय दिवस पर एनीमिया उन्मूलन एवं हीमोग्लोबिन जांच शिविर का कार्यक्रम रखा गया। प्रकल्प प्रभारी मुकुल गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंगोटिया रोड गंगापुर सिटी में सांस्कृतिक सप्ताह के तहत विद्यालय की 9वी 10वीं एवं 11वीं कक्षा की छात्राओ का हीमोग्लोबिन जांच का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवान सहाय गुप्ता अडुदा वाले ,विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य बाबूलाल शर्मा एवं शाखा के अध्यक्ष विष्णु सचिव आनंद एवं प्रांतीय पदाधिकारी दीवान चंद खंडूजाने दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी पुष्पेंद्र मित्तल ने बताया कि गंगापुर सिटी अस्पताल की टीम के द्वारा जांच शिविर लगाया गया डॉक्टर विजेंद्र गुप्ता एवं उनकी जांच टीम द्वारा 81 छात्राओं की जांच की गई जिसमें 8 छात्राओ का हीमोग्लोबिन 9 से नीचे पाया। जिन छात्राओं का हीमोग्लोबिन कम था उनको डॉ विजेंद्र गुप्ता ने सलाह देते हुए कहा कि हरी सब्जियां एवं फल और सारी सब्जियां लोहे के बर्तन में बनाई जावे जिससे हीमोग्लोबिन ठीक हो सके और अन्य जानकारियां देकर अवगत कराया गया। कार्यक्रम संयोजक कपिल गौतम और सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया अध्यक्ष विष्णु अग्रसेन द्वारा सभी का धन्यवाद कर राष्ट्रीय गायन के साथ कार्यक्रम समाप्ति की गई। विद्यालय परिवार द्वारा सभी को अल्पाहार की व्यवस्था रखी गई ।